उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 26.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।





## थाना खन्ना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाने के टॉपटेन व सक्रिय शातिर अपराधी को हिरासत में लिया, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस की बरामदगी होने पर किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों के क्रिया कलापों पर पैनी नजर रखने एवं उनके आपराधिक क्रियाकलापों पर गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 26.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर खास कि सूचना पर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्योड़ी रोड चन्द्रावल नदी पुलिया बह्द ग्राम खन्ना के पास से थाने के टापटेन एवं सक्रिय अपराधी रवि सिंह पुत्र स्व0 रामबोल सिंह उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना जिला महोबा को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । बाद बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना खन्ना में मु.अ.सं. 74/2025 धारा 3/25 A ACT का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रवि सिंह पुत्र स्व0 रामबोल सिंह उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना महोबा

### बरामदगी का विवरण:-

01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 राधेश्याम सिंह
2. हे.कां.बृजेन्द्र सिंह भदौरिया

### अभियुक्त रवि सिंह का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0स0 40/21 धारा 323/504/506 भादवि
2. मु0अ0स0 139/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट
3. मु0अ0स0 38/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट
4. मु0अ0स0 66/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट
5. मु.सि.सि.न. 05/22 धारा 3 यूपी गुण्डा एक्ट



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने 17 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 26.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह मय हमराह हे0कां0 लोकेश कुमार व कां0 अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास कि सूचना पर कोहारी नहर पुलिया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पुल के नीचे बह्द ग्राम ग्योडी से अवैध शराब के साथ अभियुक्त मिथुन चक्रवर्ती पुत्र राधे अनुरागी उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक पीले थैले में 17 अदद क्वार्टर ठेका अवैध देशी शराब झूम ब्राण्ड बरामद हुयी। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना खन्ना में मु.अ.सं. 73/25 धारा 60 आबकारी अधि. का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मिथुन चक्रवर्ती पुत्र राधे अनुरागी उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरणः-

एक पीले थैले में 17 अदद क्वाटर ठेका देशी शराब झूम ब्राण्ड बरामद

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ.नि. अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2. हे0का0 लोकेश कुमार 3. का0 अंकित कुमार



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक-26.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र अन्तर्गत छतरपुर महोबा रोड मुख्य सडक से नहर पटरी के पास वहद कस्बा श्रीनगर थाना क्षेत्र श्रीनगर से अवैध गांजे के साथ अभियुक्त रामजी उर्फ अमन अरजरिया पुत्र राजेन्द्र अरजरिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से एक झोले में 823 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामद नाजायज सूखा गांजा के सम्बन्ध में थाना श्रीनगर में मु.अ.सं. 129/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

अभियुक्त रामजी उर्फ अमन अरजरिया पुत्र राजेन्द्र अरजरिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**बरामदगी-** अभियुक्त के कब्जे से एक झोले में 823 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
3. हे0का0 विनोद कुमार



- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**



महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 26.06.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खन्ना की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।



अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 26.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों में नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति" रैली निकालकर आमजन को जागरुक किया गया, दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ...

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर "नशे से आजादी" पखवाड़ा कार्यक्रम एवं "नशा मुक्ति" जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 26.06.2025 को जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्थानीय पुलिस बल व थानाक्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों (चेयरमैन, मण्डल अध्यक्ष कबरई) एवं नागरिकों के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई तथा आमजन को नशे दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने हेतु नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा मुख्य बाजारों/कस्बों प्रमुख भीड-भाड़ वाले स्थानो में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन पोस्टर-बैनर के साथ किया गया। इस दौरान नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों से आम लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

पुलिस ने समाज में निरंतर फैल रहे नशे को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा, नहीं तो समाज को नशे के दुष्परिणामों का सामना करना पड़ेगा तथा समाज के हर वर्ग से नशा को मिटाने में सहयोग की अपील करते हुए नशामुक्ति अभियान में भागीदारी देने की अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों की सूचना पुलिस को दी जाए।








